अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में हुआ वेबीनार

शिक्षा क्षेत्र में भारतीय सरकार से मान्यता प्राप्त एवं मुंबई स्थित एक प्रमुख स्टार्टअप "टीच अस" के साथ संयुक्त रूप से अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ द्वारा आज एक वेबीनार आयोजित किया गया जिसमें देशभर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लगभग 50 प्रशासकों, प्राचार्यों, आइ.क्यू.ए.सी. समन्वयकों एवं वरिष्ठ वक्ताओं ने भाग लिया। स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री जैमिन शाह एवं अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के प्राचार्य डॉ॰ कृष्णकांत गुप्ता मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वेबीनार का शीर्षक "शैक्षणिक डेटा का तकनीक का प्रयोग करके कैसे प्रबंधन किया जाए" था। डॉ॰ कृष्णकांत गुप्ता जी ने सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए बताया कि संस्थान में गतिविधियां करने से भी महत्वपूर्ण है गतिविधियों के डाटा का प्रबंध करना, जिसका तकनीक का उपयोग कर बहुत अच्छे से प्रबंधन किया जा सकता है। इस तरह की व्यवस्था होने पर एक संस्थान जब मूल्यांकन एवं प्रत्यायन के लिए जाता है तो उसे डाटा को प्रदर्शित करने में बहुत सुविधा रहती है। मुख्य कार्यकारी अधिकारी जैमिन शाह ने तकनीक का प्रयोग कर जो सॉफ्टवेयर सॉल्यूशन बनाया है उसका प्रदर्शन सभी प्रतिभागियों के सामने किया। सभी ने इसकी काफी प्रशंसा की एवं इसे बहुत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में डॉ॰ मनोज शुक्ला, नैक समन्वयक अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।